तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 8 मई 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

11 ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने पर बल



12 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पलक संस्था का अभिनव प्रयास



## बेमौसम बरसात: टमाटर, मिर्च, बैगन, ककड़ी समेत अन्य सब्जियों पर ओलावृष्टि की मार


# भीषण गर्मी में एकाएक हुई बारिश, किसानों की रबी फसल को पहुंचा नुकसान, सब्जी भी बरबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भीषण गर्मी में एकाएक बारिश से किसानों की कमर टूटने की स्थिति निर्मित हुई है। 40 से ज्यादा डिग्री तापमान के बीच एकाएक हुई बारिश से अलग-अलग किसानों के खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा है। बस्तर ब्लाक के गोंदियापाल और चेराकुर इलाके और उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार की दोपहर अचानक भारी बारिश और ओलावृष्टि होने लगी। किसान अपने फसल को बारिश से बचा पाते उसके पहले ही उनकी फसल नष्ट हो गई।

- प्राकृतिक आपदा से राहत देने किसान कल्याण संघ की मांग

प्राप्त जानकारी के मुताबिक चेराकुर के किसान अमेरिका बघेल के खेत में लगे करीब डेढ़ एकड़ मिर्च फसल पर ओलावृष्टि की ऐसी मार पड़ी की पूरी फसल नीचे झुक कर गिर गई। 3 माह पहले उसने मिर्च फसल लगाया था। इसी गांव के सुदुराम का आधा एकड़ मिर्च फसल ओलावृष्टि से खराब हो गया। जबकि गोंदियापाल के किसान भानुराम मंडावी के आधा एकड़ रकबा में लगा मिर्च, धनरुराम मंडावी के डेढ़ एकड़ में लगे टमाटर, बैगन और एक एकड़ में लगा मिर्च फसल नष्ट होने की खबर है। इसी गांव के कृषक राजपाल के एक एकड़ में लगे मिर्च तथा सम्प्रत मंडावी के डेढ़ एकड़ में लगा टमाटर और बैगन फसल खराब होने की जानकारी है। गोंदियापाल के ही तामकुराम के डेढ़ एकड़ में लगे मिर्च फसल बर्बाद हो गया। किसानों ने बताया वे कर्ज लेकर जैसे-तैसे सब्जी फसल ले रहे है, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। लेकिन भीषण गर्मी में एकाएक बारिश की हमने कल्पना नहीं की थी। बारिश से तो फसल को ज्यादा नुकसान नहीं होता, किन्तु ओलावृष्टि होने से फसल बचाया नहीं जा सकता। हमें सरकार से कोई राहत नहीं मिला तो आने वाले दिनों में परिवार कर्ज में डूबने की आशंका है ऐसे में हम जाएं तो कहां जाएं।



### शासन किसानों को दें प्राकृतिक आपदा राहत

बस्तर किसान संघ के जिलाध्यक्ष राजेश राय ने कहा किसानों को फसल नुकसान के लिए राहत की व्यवस्था शासन को करना चाहिए। चूंकि यह प्राकृतिक आपदा में है, इसलिए किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि तत्काल उपलब्ध करना चाहिए। उद्यानिकी विभाग ऐसे क्षेत्रों का सर्वे कर नुकसान का आंकलन क्षतिपूर्ति रिपोर्ट शासन को सौंपे। यदि प्रभावित किसानों को राहत नहीं मिला तो वे कर्ज के बोझ में दबकर कुछ गलत कदम उठाने को बाध्य न हो जाएं।



## एक दिन की बारिश से पारा 15 डिग्री गिर कर पहुंचा 25.6



**जगदलपुर।** एक दिन पहले मौसम विज्ञान केंद्र का जारी पूर्वानुमान सटीक साबित हुआ। सोमवार की देर शाम से ही संभाग मुख्यालय में ठंड हवा का लक्षण दिखने लगा था। जबकि अर्ध रात्रि से भीषण वज्रपात और गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश होने लगी। बैसाख में सावन जैसे बारिश का अहसास लोगों को होने लगा। एक दिन पहले सोमवार को पारा 40 डिग्री से लोग हलाकान थे। वही रात साढ़े 7 बजे के बाद मौसम में एकाएक बदलाव होने लगा। आमजनों को यह लगने लगा कि बारिश के संकेत है, इसलिए अधिकांश लोग बाजार से फटाफट खरीदारी कर घर की दौड़ लगाए। हालांकि बारिश का आगाज आधी रात एक से डेढ़ बजे से प्रारम्भ हुई। तेज अंधड़ गरज-चमक और भीषण गर्जना के साथ झमाझम बारिश होने लगी। यही कारण है कि 24 घण्टे से कम समय में ही अधिकतम तापमान 41 डिग्री से नीचे उतर 25.6 डिग्री सेल्सियस याने 15 डिग्री सेल्सियस कम होने से गर्मी से परेशान लोगों को ठंड का अहसास होने लगा। बताया जा रहा है कि वज्रपात से आधा दर्जन से ज्यादा मवेशियों की मौत हुई है। राजस्व अमले के सर्वे के ⏭ शेष पेज 10 पर

### तूफान से सीआरपीएफ कैंप के बैरक की छत उड़ी



**जगदलपुर।** सोमवार- मंगलवार की दरमियानी रात लगभग 2.55 बजे से 3.45 बजे तक बीजापुर जिले के फुंडरी भैरमगढ़ में आंधी- पानी व बिजली कड़कने से 165 वाहिनी सीआरपीएफ कैम्प में जवानों की बैरक पर एक बड़े पेड़ की शाखा टूट कर गिर गई, जिससे छत को भारी नुकसान पहुंचा है। कैम्प सुरक्षा में लगा हुआ इलेक्ट्रानिक उपकरण को भी नुकसान हुआ है। कमाण्डेंट एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त बैरक समेत संम्पति के नुकसान का जायजा लिया। जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। कमाण्डेंट ने संबंधित अधिकारियों से मिलकर जवानों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



## डीएफओ, अधिवक्ता के प्रतिवेदन से कार्यालय की सील खोली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सरकारी वाहन से मारे गए व्यक्ति के परिवार को 1.82 करोड़ के आदेश का पालन नहीं करने के कारण डीएफओ कार्यालय को सोमवार को सील किया गया था, जबकि न्यायालय ने कुर्की का आदेश पारित किया था। मंगलवार को न्यायालय में प्रतिवेदन देने के बाद मजिस्ट्रेट के आदेश पर दोपहर 12 बजे डीएफओ कार्यालय का सील खोला गया। साथ ही लापरवाही बरतकर डीएफओ के कक्ष में सील लगाने वाले दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचे पर कार्यालय सील होने के चलते एक घंटे तक खड़े रहे। कार्यालय खुलने के बाद अधिकारी, कर्मचारी कार्यालय में कामकाज शुरू किया।

- नाजिर के 2 कर्मियों की लापरवाही से कुर्की की जगह कार्यालय हुआ सील
- दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

### सील करना विधि विरुद्ध कार्य

वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद विश्वकर्मा ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई के अंतर्गत संपत्ति की सूची बनाई जाती है और जिम्मेदार व्यक्ति को सुपुर्द नामा सौंपा जाता है। कार्यालय को सील किया जाना विधि विरुद्ध कार्य है, क्योंकि इससे आम जनों का कार्य प्रभावित होता है।

### किश्त के रूप में 2 लाख का दिया चेक

डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने कहा कि दावाधिकरण ने उन्हें मुआवजा की राशि जमा करने 9 मई तक का समय दिया था, लेकिन कुर्की की कार्रवाई पहले की गई, जो कि नियम विरुद्ध है। इसके खिलाफ हमने वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा कर कार्यालय सील करने की कार्यवाही के विरोध में न्यायालय के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने डीएफओ कार्यालय में लगे सील हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दावाधिकरण के आदेश अनुसार किश्त के रूप में 2 लाख का चेक आज जमा कराया गया है। विभाग की ओर से यह मामला उच्च दावाधिकरण में भी प्रस्तुत किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सलाह से आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

YOUR DREAM HOME AT
BK
GREEN WOODS
Kumharawand
Premium Residential Plots
Luxury Residential Colony
With all Complete Facilities & Amenities

BOOKING STARTS
On The Auspicious occasion of
Akshaya TRITIYA
10 May 2024

BANK FINANCE AVAILABLE FROM
› Chhattisgarh Rajya Gramin Bank
› Uco Bank

Contact Numbers
07782-358085
9244144694
9340789232
9131041787

Rera Registration No.
PCGRERA080823001657




PROPRIETOR DHANESHWAR PANDEY & VIJAY PANDEY

Sales & Marketing By :
NEELIMA BUILDERS
ADDRESS
Near Shiv Mandir, Chitrakot Road, Dharampura, No-1, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh
e-mail : greenwoodsgreen@gmail.com | website : www.bkgreenwoodsjdp.com

## खबर संक्षेप

### अनुपस्थित भृत्य को सेवा से पृथक करने की जा रही कार्रवाई

**कोण्डागांव।** कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा कोण्डागांव अंतर्गत संचालित प्री मैट्रिक बालक छात्रावास बांसकोट विकासखण्ड बडेराजपुर में आकस्मिक निधि अंतर्गत पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पुरेन्द्र कुमार ठाकुर के वर्ष 2017–2018 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। समय–समय पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरांत भी भृत्य पुरेन्द्र कुमार ठाकुर द्वारा कोई प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ, ना ही कोई उपस्थिति प्रदान की गई है। जिस पर शासन के नियमानुसार 3 वर्ष से अधिक अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिए सेवा से पृथक किए जाने के निहित निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### रविवार इस साल का सबसे गर्म दिन रहा

**धमतरी।** इस ग्रीष्मकाल में रविवार का दिन सबसे गर्म रहा। सोमवार को भी पारा 42 से पार रहने की संभावना है। इसके बाद तापमान में 1 से 3 डिग्री तक की गिरावट होगी। मई माह के साथ सूरज आग उगलने लगा है। दोपहर को शहर सहित गांवों की सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है। धूप से बचने लोग स्कार्फ, छाता, गमछा आदि का सहारा ले रहे हैं, वहीं गला तर करने शीतल पेय पी रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर संभाग के जिलों में सोमवार तक अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। इसके बाद अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक गिरावट हो सकती है। आसमान पर बने सिस्टम में एक चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा से आंतरिक कर्नाटक होते हुए उड़ीसा तक 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने विभाग अलर्ट

**धमतरी।** अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई यानी शुक्रवार को अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर बाल विवाह की संभावना को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग अलर्ट हो गया है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य योजना बनाई गई है। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने जिले के सभी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव को फोन कर सूचना दी गई है कि उनके गांव में बाल विवाह नहीं होना चाहिए। ऐसा किसी के द्वारा किया जाता है तो तत्काल बाल विवाह को रोकते हुए जिला कार्यालय को सूचित करें। जिला बाल संरक्षक अधिकारी आनंद पाठक ने कहा कि ग्राम कोटवारों से गांवों में मुनादी कराई गई है। महिला एवं किशोरी बालिकाओं का समूह बनाया गया है। परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, संबंधित गांव के पुलिस थाना प्रभारी, चाइल्ड लाइन टीम को सतर्क कर दिया गया है।

### पैराडाइज स्कूल के समर कैंप, 40 बच्चे शामिल

**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल इमलीपारा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के कलात्मक एवं रचनात्मक विकास के लिए समर कैम्प का आयोजन 6 मई से शुरू हुआ जिसमें प्रथम दिन में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। इसमें भाग लेने के लिए 9 मई तक पंजीयन कराया जा सकता है।

#### श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अनेक कार्यों को किया याद

# छत्रपति शाहूजी की पुण्यतिथि बाबा साहेब सेवा संस्था ने मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कनेरा रोड गोंडवाना भवन में आरक्षण के जनक शाहूजी महाराज के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक पंचु सागर, प्रमोद भारती, सूधराम मरकाम,अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, रमेश पोयाम, हितेंद्र श्रीवास, देवानंद चौरे, शिप्रा ताई चौरे तथ्यशील चौरे व संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राजर्षि शाहू महाराज, छत्रपति शाहू महाराज या शाहू महाराज मराठा के भोंसले राजवंश के (26 जून, 1874 – 6 मई, 1922) राजा (शासनकाल 1894 – 1900) और कोल्हापुर की भारतीय रियासतों के महाराजा (1900–1922) थे। उन्हें एक वास्तविक लोकतांत्रिक और सामाजिक सुधारक माना जाता था। 1894 में अपने राजनेता से 1922 में उनकी मृत्यु तक, उन्होंने अपने राज्य में निचली जाति के विषयों के कारण अथक रूप से काम किया। जाति और पन्थ के बावजूद सभी को प्राथमिक शिक्षा उनकी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक थी। उनका जन्म कोल्हापुर जिले के कागल गाँव के घाटगे शाही मराठा परिवार में 26 जून, 1874 में जयश्रीराव और राधाबाई के रूप में यशवन्तराव घाटगे के रूप में हुआ था। जयसिंहराव घाटगे गाँव के प्रमुख थे, जबकि उनकी पत्नी राधाबाई मुधोल के शाही परिवार से सम्मानित थीं।

छत्रपति को भीमराव आम्बेडकर को कलाकार दत्ताबा पवार और डिट्टोबा दलवी ने पेश किया था। युवा भीमराव की महान बुद्धि और अस्पृश्यता के बारे में उनके क्रान्तिकारी विचारों से राजा बहुत प्रभावित हुए। दोनों ने 1917–1921 के दौरान कई बार मुलाकात की और जाति अलगाव के नकारात्मकों को खत्म करने के सम्भावित तरीकों से आगे बढ़े। 1920ए 21–22, के दौरान अस्पृश्यों के सुधार के लिए उन्होंने एक सम्मेलन का आयोजन किया। छत्रपति ने डॉ. आम्बेडकर को अध्यक्ष बना दिया। उनका मानना था कि डॉ.अम्बेडकर नेता थे जो समाज के अलग–अलग हिस्सों में सुधार के लिए काम करेंगे। उन्होंने रुपये दान भी किया। उनका संगठन 1922 में छत्रपति की मृत्यु तक चला।

# ट्रेलर पिकअप में टक्कर वाहन सवार दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में कराया गया भर्ती
- ट्रेलर में लोड था नगरनार स्टील प्लांट का सामान

कोडेनार थाना क्षेत्र के आरापुर के मुख्य मार्ग में मंगलवार शाम को ट्रेलर व पिकअप के बीच टक्कर हो गई। टक्कर से पिकअप में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक ट्रेलर किरन्दुल से नगरनार स्टील प्लांट का सामान लेकर जा रहा था। वहीं पिकअप भी दंतेवाड़ा से भिलाई की ओर जा रहा था। इसी दौरान आरापुर के करीब दोनों वाहनों में भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि पिकअप के दो टुकड़े हो गए और चालक समेत सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा घायलों को किसी तरह बाहर निकालकर किरलपाल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया। दोनों घायलों का जहां उपचार जारी है।

कोडेनार थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की खबर मिलते ही टीम घटनास्थल की ओर रवाना हो गई थी। यह हादसा आरापुर के करीब मुख्य मार्ग में हुआ है, जब तक पुलिस पहुंचती घायलों को उपचार के लिए अस्पताल रवाना कर दिया गया था। ट्रेलर में नगरनार स्टील प्लांट का सामान लोड था जो किरन्दुल से नगरनार की ओर जा रहा था। बहरहाल दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे कर दिया गया है। वहीं मामले में दोनों वाहन के चालकों को बुलाया गया है जिसके बाद मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में नवदंपति गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



दुर्ग से वापस घर लौट रहे स्कूटी सवार नवदंपति ग्राम जगतरा टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में घायल हो गए। नवदंपति को रायपुर रिफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कांकेर के ग्राम मालगांव निवासी घनश्याम साहू पिता सोहन कृषि विभाग कांकेर में पदस्थ हैं। सप्ताह भर पहले घनश्याम की शादी दुर्ग के उरला निवासी प्रीति साहू के साथ संपन्न हुई। शादी के बाद दोनों नवदंपति घूमने दुर्ग उरला गए थे जहां से सोमवार को स्कूटी में सवार होकर नेशनल हाईवे से होते हुए अपने घर लौट रहे थे। ग्राम जगतरा स्थित टोल प्लाजा के पास दोनों सड़क हादसे में घायल हो गए थे। इस घटना में महिला के सिर व घनश्याम के पैर में गंभीर चोट आई है। सूचना पर हाईवे एम्बुलेंस 1033 तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायल नवदम्पति को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया है। सड़क दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**झाड़फूंक, अंधविश्वास प्रलोभन देकर लड़कियों, महिलाओं को जाल में फंसाता था**

# यौन शोषण का अड्डा चलाने वाला ढोंगी बाबा गिरफ्तार

#### पीड़िता की शिकायत पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी






ग्राम धौराभाठा ( लिमतरा) में श्री साईं शिवालय के नाम पर यौन शोषण का अड्डा चला रहे नन्द बाबा उर्फ नंदकिशोर कुंजाम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मजार संचालक नंद किशोर कुंजाम उर्फ नंद बाबा तंत्र विद्या, झाड़फूंक, बंधन करने के नाम से परिवारों को अपने मजार में बुलाता था। लड़कियों, महिलाओं को झाड़ फूंक, अंधविश्वास, प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाकर उनका यौन शोषण करता था। इसकी जानकारी पीड़िता देविका (काल्पनिक नाम) ने विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री रामचंद देवांगन को दी। विहिप के जिला मंत्री रामचंद देवांगन और जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल एवं जिला कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर के साथ विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए नंद बाबा के बारे में सारी जानकारी खंगाली और पीड़िता द्वारा बताए गए घटनाक्रम को सही पाया। दंड दिलाने अर्जुनी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। अर्जुनी पुलिस ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के दिशा निर्देश पर तत्काल नंद किशोर कुंजाम उर्फ नन्द बाबा को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आईपीसी की धारा 376, धारा 376, 2 (एन) के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। उसके वाहन क्रमांक सीजी 04 एमबी 6010 को भी जब्त किया गया।



आरोपी बाबा

जिला मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि इससे पहले नंदकिशोर कुंजाम द्वारा संचालित मजार की आपराधिक गतिविधियों की जानकारी संगठन को मिली थी। जांच चल रही थी।

# अवैध शराब बेचने वाले दो ग्रामीण गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




अवैध शराब बेचने वाले दो ग्रामीणों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास हजारों की शराब जब्त की गई है।

माकड़ी पुलिस ने देहारीपारा में सोनसेर नेताम पिता सुखदेव नेताम उम्र 42 वर्ष के घर पर रेड कर बियर 500 एमएल का केन 6 नग कीमत 1200 रुपए, व्हिस्की 1 नग कीमत 300 रुपए कुल जुमला 1500 रुपए बरामद किया। एक अन्य आरोपी गणेश राम नेताम पिता सुखराम नेताम उम्र 40 वर्ष के घर पर रेड करने पर 5 नग व्हिस्की कीमत 1500 रुपए बरामद किया। दोनों आरोपियों को 34 (1)क आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार साहू सउनि राकेश भोयर सहित अन्य का कार्य सराहनीय रहा।

# तहसील ब्राम्हण समाज धूमधाम से मनायेगा परशुराम जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

धमतरी तहसील ब्राम्हण समाज की बैठक किले के श्रीराम मंदिर इतवारी बाजार में हुई जहां समाजजनों द्वारा इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया।

तहसील अध्यक्ष सूरज तिवारी, युवा मंच अध्यक्ष शुभांक मिश्रा, महिला मंच अध्यक्ष बरखा शर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस 10 मई को विप्रकुल शिरोमणि भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा। सुबह 9 बजे से रिसाईमाता मंदिर रामसागर पारा में ब्राम्हण समाज द्वारा पूजा-अर्चना, हवन एवं अष्टधातु से नवनिर्मित भगवान परशुराम की प्रतिमा का महाभिषेक कर प्रसादी वितरण किया जाएगा। 12 मई को संध्या 5 बजे रिसाईमाता मंदिर से ब्रह्म गर्जना वाहन रैली निकाली जाएगी। तृतीय दिवस 13 मई को संध्या 5 बजे भगवान परशुराम चौक म्युनिसिपल स्कूल के पास बस्तर रोड से पालकी यात्रा निकाली जायेगी जो शहर के हृदय स्थल मकई चौक पहुंचने पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा महाआरती की जायेगी। इसके बाद पालकी यात्रा सदर बजार होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर में समाप्त होगी। आयोजन को लेकर कार्यों का विभाजन किया गया। बैठक में भूपेंद्र मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, दीप शर्मा, राकेश तिवारी, विक्रांत शर्मा, पीयूष पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, आशुतोष शर्मा, रत्नेश मिश्रा, अभिषेक शर्मा, आदर्श शर्मा, जगत दीवान, आशीष शर्मा, आर्यन शर्मा, प्रीतेश शर्मा, प्रणव पाण्डेय, यश पाण्डेय, हिना मिश्रा, सीमा चौबे, रानी तिवारी, सरिता तिवारी, गौरी मिश्रा समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# सरकारी जमीन पर चंगाई सभा की शिकायत

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में सरकारी जमीन पर चंगाई सभा के नाम से अवैध चर्च चलाने की शिकायत की गई है। समीपस्थ ग्राम मुजगहन निवासी रोशनपुरी गोस्वामी, देवेश साहू, भीखम साहू, दिलीप नेताम, लुमेशकुमार, वरूण, नितेश कामड़े, नारायण साहू आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम मुजगहन हिन्दू बाहुल्य गांव है। यहां पंचमुख हनुमान मंदिर के बाजू सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर नेताम परिवार तथा तालाब किनारे नगारची परिवार अवैध रूप से चंगाई सभा चला रहा है। मना करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाती है। सोसायटी रजिस्ट्रेशन के नाम पर हिन्दुओं को अपने घर में बुलाकर अंधविश्वास फैलाया जा रहा है।

# गांजा की तस्करी करते यूपी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

- आरोपियों से स्कूटी व 1.64 लाख का अवैध गांजा जब्त

उड़ीसा से नगरी-सिहावा के रास्ते स्कूटी से गांजे की तस्करी कर रहे यूपी के दो तस्करों को अर्जुनी व साइबर पुलिस ने भोयना के पास गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से नगरी-सिहावा की तरफ से नीले रंग की ज्यूपिटर से गांजा की तस्करी किए जाने की सूचना मिली। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में साइबर व अर्जुनी पुलिस की संयुक्त टीम ग्राम भोयना पहुंच पुल के पास घेराबंदी कर तस्करों का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान नगरी की ओर से ज्यूपिटर क्रमांक सीजी 04 पीजे 9516 आते दिखी। पुलिस ने स्कूटी सवारों को रोककर चेकिंग शुरु कर दी। स्कूटी में दो युवक सवार थे। पूछताछ में स्कूटी सवारों ने अपना नाम अर्जुन पिता कन्हैयालाल 24 वर्ष व दीपक कुमार पिता सतीशंकर सिंह 24 वर्ष दोनों सेमरी थाना विंध्याचल जिला मिर्जापुर उत्तरप्रदेश निवासी बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 16.410 किग्रा अवैध गांजा कीमत 1 लाख 64 हजार 100 रुपए व स्कूटी कीमत 50 हजार कुल 2 लाख 14 हजार रुपए जब्त की है। पुलिस ने धारा 20/बी 2/ बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत आरोपी अर्जुन व दीपक सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।





इस कार्रवाई में साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, प्रआ देवेंद्र राजपूत, लोकेश नेताम, आरक्षक कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, योगेश ध्रुव, योगेश नाग, बीरेंद्र सोनकर, आनंद कटकवार, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, मनोज साहू, विकास द्विवेदी, फनेश साहू, अर्जुनी थाना से एएसआई पुष्पा पांडे, उत्तम निषाद, आरक्षक खेमू हिरवानी व राजेश साहू का योगदान रहा।

### सशिमं रूद्री में हुई पालक शिक्षक बैठक

धमतरी। सरस्वती शिशु मंदिर उमावि रूद्री में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम में संकुल समन्वयक गोविंद मीनपाल के मार्गदर्शन में हुआ।

#### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने किया पुरस्कृत

# जंगो रायतार इंग्लिश मिडियम स्कूल मसोरा का वार्षिक परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जंगो रायतार समाज कल्याण समिति छत्तीसगढ द्वारा संचालित जंगो रायतार इंग्लिश मिडियम स्कूल मसोरा का परिणाम घोषित किया है। शैक्षणिक सत्र 2024–25 के नवोदय विद्यालय के चयन परीक्षा में इस संस्था के 4 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें पीयूष भोयर का चयन हुआ था।

स्कूल में अध्ययनरत 180 बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम 6 मई को मुख्य अतिथि तिरूमाल बुद्धसिंह नेताम, अध्यक्ष गोंडवाना समाज जिला इकाई कोण्डागांव द्वारा घोषित किया गया। कक्षा नर्सरी में नर्सरी प्रथम सीनु नेताम (97.6), सेकंड रोनित मरकाम (96), तृतीय मोलश्री ठाकुर (94.4) रहे। 1. केवांशी मरकाम (94.8) 2. याचना मरकाम (92.8) 3. भव्या मरकाम (92) रहे। 1. याचना भोयर (99.2), 2. प्राची उसेंडी (98.4) 3. हर्षिता मरकाम (96.8) रहे। पहली में 1. भाविका कश्यप (94.4) 2. निभा पोयाम (94.8), 3. परिधि नेताम, (91.3) दूसरी में 1. हर्षिता नेताम (86.3), 2. देविका मरकाम (77.5), 3, मधिका नेताम (74.2), तीसरी में 1. आराध्या नेताम (91) 2. वरण्या रुद्रावेन मंडावी (90) 3. नव्या बघेल (89) रहीं7 चौथी में 1. ओजस्वी सोरी (86) 2. रेशमी नेताम (84) 3. अंकिता नेताम (81), पांचवी में 1.पियुष कुमार भोयर (86) 2. उन्नति मरकाम (85) 3. परमेश्वर नेताम (82) रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुद्धसिंह नेताम अध्यक्ष, गोंडवाना समाज समन्वय समिति जिला कोण्डागांव, बुधराम मरकाम अध्यक्ष जंगो रायतार शाला प्रबंधन समिति मसोरा, कु. रमा मरकाम, प्रधानाध्यापक, जंगो रायतार इंग्लिश मिडियम स्कूल मसोरा, बघेल, अध्यक्ष, जंगो रायतार पालक समिति मसोरा, धनमत नेताम, विजय शोरी, केशराज मरकाम, नरसिंह मण्डावी, झिटकु मरकाम, उमाकान्त नेताम, विजय शोरी, खुलमन सिंह भोयर, पाचिया मरकाम, श्रीमती कुंती नेताम, श्रीमती तनुजा नेताम, कु. पुजा कुंजाम, शिक्षिका, कु. पल्लवी नुरूटी, शिक्षिका, श्रीमती रैयमती नेताम, शिक्षिका, कु. गौतमती बघेल, शिक्षिका, पालकगण एवं समस्त स्कूल स्टॉफ की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।







## पेज 9 के शेष

### एक दिन की बारिश से...

बाद स्थिति स्पष्ट होगी। बहरहाल रात को हुई तेज अंधड़ और भारी बारिश के चलते दर्जनों पौधे धराशायी हुए। कही से कोई जनहानि की खबर नही है। लेकिन लाखों के सब्जी फसल को बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान की खबर है।

**फिर बना द्रोणिका, बारिश के संकेत :** मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमंडल में एक द्रोणिका उत्तरी अदरूनी ओड़िशा से राजस्थान तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। साथ ही एक द्रोणिका हवा की अनियमित गति विदर्भ से तमिलनाडु तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेश में बुधवार को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने और ओलावृष्टि होने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है ।

## खबर संक्षेप

### अनुकंपा नियुक्ति पर बैठक 9 को

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण हेतु कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े की अध्यक्षता में 9 मई को प्रातः 11 बजे संभागायुक्त कार्यालय बस्तर के सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गई है। इस सम्बंध में संभाग के सभी कलेक्टर्स को जारी परिपत्र में कहा गया है कि उक्त बैठक में अपर कलेक्टर एवं संबंधित शाखा प्रभारी को निर्धारित प्रपत्र में जिले के समस्त विभागों की संकलित जानकारी के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जाए। कमिश्नर द्वारा इस बैठक में मुख्य अभियंता लोक निर्माण, छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कम्पनी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जगदलपुर सहित लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन एवं अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अधीक्षण अभियंता, संयुक्त संचालक चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर एवं कांकेर, संयुक्त संचालक कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशु चिकित्सा और नगरीय प्रशासन तथा कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु निर्माण एवं सीजीएमएससी व संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं को अनुकंपा नियुक्ति सम्बन्धी जिलेवार निर्धारित प्रपत्र में अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### इग्नू सत्रांत परीक्षा

**जगदलपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) सत्रांत परीक्षा जून 2024 के लिए ओडीएल एवं ऑनलाइन के लिए असाईनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई तक निर्धारित किया गया है। इस हेतु अध्ययन केंद्र 1509 शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर में प्रवेशित छात्र-छात्राएं ओडीएल के अंतर्गत असाईनमेंट की हार्ड कॉपी अध्ययन केंद्र में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करें।

### मोटिवेशनल वीडियो क्लिप दिखाकर तनाव को किया दूर



**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के संबंध में पालक बालक शिक्षक सम्मेलन रखा गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी के रूप में वीके शांडिल्य अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मगरलोड डॉक्टर रूपेश साहू थे। व्याख्याता भावना चावड़ा, अवधराम साहू, इको प्रभारी कीर्तिलता साहू, परमेश्वर साहू, भूखनलाल साहू, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज व संस्था के प्राचार्य सुरेश साहू समेत अनेक छात्र मौजूद थे। कार्यक्रम में पालक एवं बालकों से परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव पर चर्चा की गई। मोटिवेशनल वीडियो क्लिप दिखाकर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने परीक्षा परिणाम से पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को कम करने अभिभावकों और बच्चों से चर्चा की। नोडल अधिकारी श्री शांडिल्य एवं डा. साहू ने बच्चों को तनाव न लेने एवं अंक ही सब कुछ नहीं है, यह मानकर आगे बढ़ने के सुझाव दिए। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य व्यवहार के संबध में चर्चा की। छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा के बारे में अनुभव साझा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कीर्तिलता साहू ने किया।

# ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने पर बल

## आयुष्मान भारत पंजीयन के लिए चलाया जाएगा महा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए व्यापक पहल किया जाए। इस दिशा में सोलर ड्यूल पम्पों तथा हैण्डपम्पों का समुचित संधारण करने सहित जल प्रदाय योजनाओं का सुचारू संचालन करें। साथ ही जरूरत के अनुरूप सोलर ड्यूल पम्पों तथा हैण्डपम्पों का सुधार किया

■ सीईओ जिला पंचायत ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

जाए। वहीं आगामी शिक्षा सत्र शुरू होने के पूर्व 31 मई तक मरम्मतयोग्य स्कूल, आश्रम-छात्रावास तथा आवासीय विद्यालयों का अनिवार्य रूप से मरम्मत करवाया जाए। जिले में आयुष्मान भारत





योजनान्तर्गत आयुष्मान कार्ड प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर महा अभियान चलाया जाएगा। जिसमें छूटे हुए लक्षित हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। उक्त निर्देश सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

सीईओ जिला पंचायत ने आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत लक्षित हितग्राहियों में अब तक छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर महा अभियान संचालित करने पर जोर देते कहा कि लक्ष्य अनुरूप शत-प्रतिशत हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किये जाने अन्तर्विभागीय समन्वय से अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत ग्रामीण स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, राशन दुकान सेल्समैन एवं बैंक सखियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने पंजीयन किया जाएगा। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और मितानिनों द्वारा ग्रामीण इलाकों में प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को पंजीयन शिविर स्थल तक लाने का कार्य किया जाएगा। इसी तरह नगरीय क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा राशन दुकान सेल्समैन द्वारा पंजीयन करने की कार्यवाही की जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकतोओं एवं मितानिनों को प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को पंजीयन शिविर स्थल लाने का दायित्व सौंपा गया है। इस महा अभियान को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए चयनित कार्यकर्ताओं को ब्लॉक स्तर पर 12 जून तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने बैठक के दौरान वर्तमान में संचालित निर्माण कार्यों को निरंतर द्रुत गति से चलाए जाने सहित मॉनिटरिंग कर नियत समयावधि में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन तथा उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण कार्यों को 31 मई तक पूर्ण करने कहा। बैठक में खरीफ फसल कार्यक्रम के तहत बीज-खाद भंडारण एवं वितरण, कृषि और उद्यानिकी, मत्स्यपालन एवं पशुपालन सम्बन्धी आर्थिक गतिविधियों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय, वनाधिकार पट्टेधारकों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय, उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न एवं जरूरी सामग्रियों का भंडारण, राशन कार्डों का नवीनीकरण, मोतियाबिंद सघन जांच एवं उपचार अभियान इत्यादि की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम हरेश मण्डावी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## विभागीय लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा

# सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापिका के पेंशन प्रकरण का नहीं हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विभागीय अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही का खामियाजा बेकसूर सेवा निवृत्त कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है। दीपा गुप्ता के प्रकरण में लापरवाही के कारण कर्मचारी सेवा निवृत्त होने के बाद पेंशन प्रकरण निराकरण तथा स्वत्वो के भुगतान के लिए कार्यालयों का चक्कर

■ स्वत्वो के भुगतान के लिए कार्यालयों का चक्कर काट रहे पेंशनर

काटने के लिए विवश है। यह बातें पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने जारी बयान में कही है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते लिपिकों के भरोसे पेंशन प्रकरण हैं।

दीपा गुप्ता प्राथमिक शाला महात्मा गांधी वार्ड कांकेर में प्रधान अध्यापक के पद पर कार्य करते हुए 31 दिसम्बर 2023 को सेवा निवृत्त हुई। शिक्षा विभाग द्वारा इनका पेंशन प्रकरण उचित परीक्षण के बिना संभागीय संचालक कोष लेखा एवं पेंशन को पीपीओ जारी करने के लिए भेजा गया। कोष लेखा में परीक्षण के दौरान यह पाया कि पति का नाम देवेंद्र कुमार गुप्ता के जगह देवेंद्र गुप्ता लिखा गया। जिसके कारण कोष लेखा ने प्रकरण में आपत्ति लगाकर संबंधित विभाग को वापस कर दिया।

शासन के नियमानुसार कर्मचारी के सेवा पुस्तिका में जैसा नाम अंकित है, पेंशन प्रकरण में भी हुबहू वैसा ही नाम अंकित होना चाहिए। जिसको देखने का काम संबंधित विभाग के अधिकारियों का होता है। पेंशनर महासंघ के ओपी भट्ट, बसंत कुमार गुप्ता, डी. रामन्ना राव, किशोर कुमार जाधव, रमापति दुबे, अब्दुल सत्तार खान, एलएस नाग, नागेश कापेबार, दिनेश कुमार सिंघल, एसपी ठाकुर, दिनेश सतमन, नीलम जग्गी, मीता मुखर्जी, सरोज साहू, जयमनी ठाकुर, हर्षा ठाकुर एवं राधा पामभोई ने बाबुओं की मनमानी पर लगाम लगाने कलेक्टर से मांग की है। ताकि सेवानिवृत अधिकारी-कर्मचारियों को त्वरित राहत मिल सके।



### शासकीय कार्यालयों को बाबुओं के भरोसे छोड़ा

राम नारायण ताटी ने कहा कि बस्तर का दुर्भाग्य है कि अधिकांश कार्यालयों की स्थिति बाबुओं के भरोसे है। जिसके कारण इस प्रकार की स्थिति निर्मित होती है। उच्च अधिकारियों को इस ओर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में सेवा निवृत्त कर्मचारियों को भटकना न पड़े।

# श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कर रहे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

बस्तर के भानपुरी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक शिव विलास शर्मा ने रास लीला का वर्णन किया। साथ में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कर रहे है।

उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया।

कथा में बताए कि भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास किए। कथा में विशेष बात यह रही कि जिस प्रकार से महारास लीला का वर्णन किया गया, उसी समय भारी वर्षा होने लगी। कथा निरंतर चलती रही। इस कथा में सोलंकी परिवार निरंतर सेवा करते हुए, विश्व कल्याण की कामना कर रहे हैं।

# परिणाम आशा के अनुरूप न होने पर डांटे नहीं

■ बाजार कुर्रीडीह स्कूल में हुई पालक-शिक्षक मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में पालक शिक्षक मीटिंग हुई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के पालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शाला के प्राचार्य अभयराम ध्रुव ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के अपेक्षित परिणाम न मिलने पर उत्पन्न तनाव को दूर करने और उन्हें संबल प्रदान कर किसी भी प्रकार के कदम उठाने से दूर करना था। शिक्षकों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने पालकों को समझाइश दी कि वे बच्चों के परिणाम आशा के अनुरूप न होने पर उन्हें डांटे नहीं, उनकी तुलना दूसरों से न करें बल्कि उन्हें प्यार से समझाएं ताकि वह आगे भविष्य में फिर से प्रयास कर सके। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार कुकरेल चित्रसेन साहू, विरेन्द्र कुंजाम,टिकेश यादव, धुरसिंह ध्रुव, नरेश मरकाम, चन्द्रकिरण नेताम, परसराम मरकाम, केशव सिन्हा, दिलीप सिन्हा, धनेश्वरी, डोमार सिंह, सरजू यादव, संतराम मरकाम, दशमत, हेमपुष्पा,शाला संस्था प्रमुख अभय राम ध्रुव, जीवनलाल साहू, समन्वयक शिवकुमार साहू, रामनाथ ध्रुव, चुम्मन साहू ,कमलेश कुमार निषाद, आदि उपस्थित थे ।

# फरसियां स्कूल में बच्चों को तनाव मुक्त रहने दिए टिप्स

■ पालक बच्चों को सुरक्षित और खुशनुमा माहौल दें : शेषनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में बोर्ड परीक्षा के परिणाम के फलस्वरूप विद्यार्थियों में उत्पन्न होने वाले तनाव को दूर करने के लिए पालक शिक्षक बैठक आयोजित की गई। नोडल अधिकारी के रूप में महिला एवं बाल विकास अधिकारी सोमेंद्र साहू थे। श्री साहू ने बालक पालक शिक्षक के मध्य संवाहक बनकर पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पालकों एवं विद्यार्थियों से अलग-अलग चर्चा की। प्रत्येक छात्र, प्रत्येक पालक के साथ शिक्षक एवं जनप्रतिनिधियों से शिक्षण गतिविधि, सामाजिक गतिविधि, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समय प्रबंधन, नकारात्मक तुलना, सकारात्मक संगति, वातावरण एवं तनाव प्रबंधन के प्रतिज्ञान का कौशल विकसित करने पर वक्तव्य देने के साथ पालक व शिक्षक एवं स्थानीय प्रशासकीय कर्मचारियों से परिचर्चा की।

पालक शेषनारायण सिन्हा ने अपने बच्चे को परीक्षा पूर्व एवं परीक्षा पश्चात दी गई सुविधा के बारे में बताया। परीक्षा ही सब कुछ नहीं है, इस पर अपने विचार रखे। परीक्षा परिणाम कोई अंतिम परिणाम नहीं। यह तो जिंदगी में परीक्षा की शुरुआत है । इसके लिए पालक बच्चों को एक सुरक्षित और खुशनुमा माहौल देकर समझाएं कि वह पुनः साहस एवं आत्म बल से उत्कृष्ट प्रयास कर सफलता प्राप्त करें। नीरज सोन प्रभारी प्राचार्य ने माता-पिता का बच्चों के प्रति व्यवहार, दायित्व के बारे में बताया। डॉ प्रजापति ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधित टिप्स दिए। शिक्षक पालक बैठक में परिणाम से उत्पन्न तनाव के समाधान पर चर्चा की गई।

# चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर बाइक रैली के साथ निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मनुष्यों के पाप पुण्य का लेखा रखने वाले कायस्थों के इष्ट देव भगवान चित्रगुप्त के जन्मोत्सव कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर अलग-अलग मोहल्ला-वार्ड में कायस्थ समाज के पदाधिकारी बैठक ले रहे हैं।

■ समाज के वयोवृद्ध लोगों का होगा सम्मान

सचिव गजेंद्र श्रीवास्तव ने 18 मई को भगवान चित्रगुप्त प्रकट उत्सव के अवसर पर स्थानीय चित्रगुप्त मंदिर, चित्रांश भवन, सिविल लाइन लालबाग में होने वाले कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 मई की सुबह 8 बजे भगवान का अभिषेक व आरती होगी। उसके पश्चात दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जिसमें बच्चों की रंगोली, चित्रकला व नृत्य और महिलाओं की कुर्सी दौड़ एवं गायन प्रतियोगिता होगी। शाम 4 बजे भगवान का पूजन हवन होगा। संध्या 5 बजे स्कूटी, बाइक रैली के साथ शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से लेकर वापस चित्रगुप्त मंदिर में पहुंचेगी। जहां समस्त कायस्थजन एक साथ मिलकर भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक महाआरती करेंगे। इसके बाद समाज के वयोवृद्ध सदस्यों को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित करते हुए विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। भगवान की पूजा अर्चना के बाद आम सभा होगी। बैठक में विकास श्रीवास्तव, सुदामा श्रीवास्तव, महेंद्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, शंकर लाल श्रीवास्तव, श्याम वर्मा, भेनेश श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, प्रतीक श्रीवास्तव, राज दलई, विकास, राजू, संजीव, जयश्री श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव, प्रेमा श्रीवास्तव मौजूद रहे।



### वैशाख शुक्ल, गंगा सप्तमी के दिन प्रकटोत्सव

अध्यक्ष अर्जुन श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त, भगवान ब्रह्मा की काया से उत्पन्न हुए हैं। प्रतिवर्ष वैशाख शुक्ल, गंगा सप्तमी के दिन भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव का कार्यक्रम को समाज के द्वारा पूरे हर्षो उल्लास के साथ आयोजित किया जाता है।

**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग )**

रा.मा.क्र./ 202403170500010/ अ-20(4)/ 2023-24

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका इन्दु कौशल/ संतोष, जाति क्षत्रिय, निवासी सिगोडीतराई वार्ड 05 नारायणपुर, तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.) ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं । कि पटवारी हल्का नम्बर 17 नारायणपुर के नजूल भूमि खसरा नम्बर 495/1 रकबा 2.165 हे. भूमि में से 0.010 हे. / वर्गफीट भूमि पर उनके द्वारा मकान बाडी/ दुकान व अन्य निर्माण कर अतिक्रमण किया गया हैं। उक्त अतिक्रमित भूमि पर मेरा कब्जा दिनांक 20.08.2017 के पूर्व से हैं। उक्त संबंध में जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसकी आगामी सुनवाई दिनांक 10/05/2024 को इस न्यायालय में नियत हैं।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक को इसके पूर्व उपस्थित होकर इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति एवं आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मुहर

**तहसीलदार नारायणपुर**

**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर जिला नारायणपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र./202403170500009/ अ-20(4)/2023-24

**//उद्घोषणा-पत्र//**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका यशोदा नेताम, दिनेश, जाति गोंड, निवासी सिगोडीतराई, वार्ड 05 नारायणपुर, तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.) में इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं कि पटवारी हल्का नम्बर 17 नारायणपुर के नजूल भूमि खसरा नम्बर 495/1 रकबा 2.165 हे. भूमि में से 0.010 हे. वर्गफीट भूमि पर उनके द्वारा मकान बाड़ी/दुकान व अन्य निर्माण कर अतिक्रमण किया गया हैं। उक्त अतिक्रमित भूमि पर मेरा कब्जा दिनांक 20.08.2017 के पूर्व से हैं। उक्त संबंध में जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसकी आगामी सुनवाई दिनांक 10/05/2024 को इस न्यायालय में नियत हैं । इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक को इसके पूर्व उपस्थित होकर इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति एवं आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी ।

मुहर

**तहसीलदार नारायणपुर**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

**-: उदघोषणा :-**

प्रकरण क्रमांक 02 / विशेष विवाह / 2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तौसिफ खान पिता श्री नौशाद खान उम्र 27 वर्ष, निवासी गीदम वार्ड क्र.08, पोस्ट गीदम, तहसील - गीदम, जिला - दन्तेवाड़ा और गीता पाल पिता श्री नारायण पाल उम्र 33 वर्ष, निवासी दन्तेवाड़ा वार्ड क्र.07 सरदार वल्लभ भाई पटेल, तहसील-दन्तेवाड़ा जिला - दन्तेवाड़ा, के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत धारा - 05 में आशयित विवाह की सूचना इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है

आशयित विवाह के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 30/05/2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03-05-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से यह ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

**विशेष विवाह अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा**

# प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा पर बालवाड़ी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रारंभिक बाल्यावस्था और शिक्षा के तहत स्कीर्ट एससीईआरटी और यूनिसेफ के दिशा निर्देशन में बालवाड़ी प्रशिक्षण विकास खंड स्तर में त्रिदिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण बादल अकेडमी (आसना) में 6 से 8 मई तक आयोजित किया गया है। जिसमें बस्तर और बकावंड ब्लॉक के बालवाड़ी शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशिक्षण लिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रारम्भ में डाईट बस्तर के प्रतिनिधि डाईट प्राचार्य नितिन कुमार डडसेना, चंद्रकांत पानिग्रही, राजेन्द्र जोशी, ललिता मंडावी, लोकनाथ नाग बस्तर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बस्तर बीआरसी राजेंद्र सिंह ठाकुर, बकावंड बीआरसी सोनसिंग बघेल, जगदलपुर बीआरसी गरुड़ मिश्रा, प्रहलाद ध्रुवे सीएसी जगदलपुर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान एनईपी 2020 में नया शैक्षिणिक पाठ्यक्रम के लक्ष्य एवं बाल विकास के पांच आयामों को विभिन्न गतिविधियों खेल आधारित प्रश्न एवं परिवेशों के उदाहरण देकर विस्तार पूर्वक मास्टर ट्रेनर नारायण लाल साहू, ज्ञानेश्वर साहू, गिरवर पटेल, युगल किशोरी, नीता पाण्डेय, संध्या सिंह, सुधा श्रीवास्तव, योगेन्द्र जैन (विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी) द्वारा समझाया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को ग्रुप वाइज थीम आधारित एवं सर्कल टाइम संज्ञानात्मक विकास गतिविधि आउटडोर, भाषाई विकास गतिविधि का प्रदर्शन किया गया।



Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### नशामुक्ति ग्राम बनाने लोगों को किया प्रेरित

**धमतरी।** ग्रामीणों को नशा से मुक्ति दिलाने का बीड़ा कुरूद विकासखण्ड के ग्राम कोपेडीह (हंचलपुर) की महिलाओं ने उठाया है। इसके लिए उन्होंने रैली के जरिए नशामुक्ति आभियान चलाकर गांव को नशा मुक्ति ग्राम बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही गांव को स्वच्छ रखने का भी संकल्प लिया।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत सेलेगोंदी निवासी 40 वर्षीय श्रवण कुमार दर्रो पिता स्व. शिवलाल दर्रो ने 4 मई की रात 10 बजें से 5 मई को सुबह 6 बजें बीच खेत की ओर साजा पेड़ मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शराबखोरी करते पकड़ाया

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत आंखीहर्रा के पास 5 मई को दोपहर सवा 1 बजें रोड के किनारे आम जगह पर शराबखोरी करते आरोपी सारण्डा निवासी नरोत्तम यादव पिता बन्नूराम को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## 2 सौ से अधिक महिलाओं को दिया गया नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पलक संस्था का अभिनव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महिलाओं को स्वरोजगार की योजना से जोड़कर महिला महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने शहर

■ पलक ब्यूटी एवं बुटीक से प्रशिक्षण लेकर महिलाएं अर्जित कर रही अतिरिक्त आय

की पलक ब्यूटी एवं बुटीक द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था द्वारा अब तक दो सौ से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

बस्तर डेव्हलपमेंट वेलफेयर सोसाईटी की संचालिका पारूल ने बताया कि संस्था द्वारा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाएं अपने घर के काम काज के बाद पार्टटाईम सिलाई कर स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकती है। पारूल ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से वह सिलाई के काम से जुड़ी है। पूर्व में कम महिलाएं संस्था में आती थी लेकिन इस समय तीन दर्जन से अधिक महिलाएं व युवतियां संस्था से जुड़ चुकी है जिन्हें निःशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



उनका मानना है कि इस काम से महिलाओं के लिए एक अतिरिक्त आय का जरिया बन जाता है इस प्रशिक्षण में सलवार सूट, लहंगा, ब्लाउज के अलावा स्थानीय डिजाइन के साथ-साथ वेस्टर्न कपड़ों की सिलाई करना सिखाया जा रहा है। इस विधा से महिलाएं अपने घर से ही सिलाई का काम करके अतिरिक्त आय का एक जरिया और आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

वर्तमान में 2 सौ से अधिक महिलाओं को सिलाई का काम सिखाया जा चुका है जिसमें हायर सेकेंडरी के बच्चों से लेकर कामकाजी महिलाएं हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने बताया कि एक बड़ा लक्ष्य को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सिलाई का प्रशिक्षण देने संस्था प्रयासरत है। संस्था ने वर्तमान में दलपत सागर से लगे मोतीतालाब पारा स्थित ट्रेनिंग सेंटर में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया है जिससे और अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

### तीन बैच में दिया जा रहा प्रशिक्षण, प्रशिक्षित महिलाओं को मशीन भी

पारूल ने बताया कि पहला पेज में 15 अप्रैल से प्रारम्भ किया गया है। तीन पाली में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्तमान में तीन दर्जन से अधिक महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षित महिलाओं को शासकीय योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले मशीन भी रजिस्ट्रेशन के माध्यम से पात्र महिलाओं को दिलाया जाएगा। पारूल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस काम में एक नया मुकाम हासिल करने में पीछे नहीं रहेंगे और नारी सशक्तिकरण के लिए उनका मानना है अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक आजादी के लिए प्रेरित करना है।

# बरामदे में सो रहे परिवार पर गिरा टीन शेड, मासूम समेत तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीती रात तेज बारिश व अंधड़ के दौरान टीन शेड गिरने से घर के बरामदे में सो रहे पति पत्नी व मासूम

■ घायल पति पत्नी व मासूम को उपचार के लिए मेकाज में कराया गया भर्ती

बच्चा चपेट में आ गए। हादसे में तीनों घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

गौरतलब है कि बीती रात जिले के अलग अलग क्षेत्रों में तेज बारिश व अधंड़ चलने के दौरान बिजली गुल होने से लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इसी दौरान नगरनार थाना क्षेत्र के मगनपुर में टीन शेड के गिरने से बरामदे में सो रहे दंपती व उनके 10 वर्ष का मासूम भी इसकी चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया। बताया जा रहा है कि मगनपुर निवासी जग्गू नाग 41 वर्ष, उसकी पत्नी तुलसा 39 वर्ष व मासूम बच्चा घर के बरामदे में सोए हुए थे। अचानक से देर रात से शुरू हुई बारिश और तेज हवाओं के चलते घर में लगा हुआ शेड पति-पत्नी के साथ ही बच्चे पर आ गिरा।

इस घटना में पत्नी तुलसा के सिर के साथ ही पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं पति के पैर और सिर में चोट लगी। घटना के बाद घर में सो रहे परिवार के अन्य लोग घायलों की चीख पुकार सुनकर बाहर आये और तत्काल घायलों को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए जहां उनका उपचार चल रहा है। परिजनों के मुताबिक घर में टाइल्स लगाने का काम चल रहा था। जिसके कारण घर के लोग कमरे में ना सोकर बाहर बरामदे में सो रहे थे और हादसे का शिकार हो गए।

# 132 उपकेन्द्र सहित इंश्यूलेटर खराब होने से बिजली रही बंद

**खास बातें**

■ बारिश व आकाशीय बिजली से लाईन बंद होने से परेशान रहे उपभोक्ता


■ बंद बिजली से दिन भर पेयजल सुविधा प्रभावित रही

■ रात में भी बिजली बहाल करने में जुटे विद्युत अधिकारी, कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय में सोमवार की रात से बारिश एवं आकाशीय बिजली के चलते 132 उपकेन्द्र में 33 केव्ही ब्रेकर का वीसीबी पोल, इंश्यूलेटर, 3 डिस्क इंश्यूलेटर, 5 स्थानों में पिन इंश्यूलेटर, 7 स्थानों में वृक्षों के डगालों के विद्युत लाईन में गिरी और 5 स्थानों में लाईन का जम्फर कटा, जिससे रात से ही बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। यहां तक मंगलवार की सुबह से शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल नहीं होने से लोग परेशान रहे। वहीं दूसरी ओर रात को बिजली बंद को बहाल करने के लिए सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव, बीएस उरांव आदि कर्मचारियों के साथ जुटे रहे। मंगलवार की शाम तक बिजली बहाल कर रहे हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि रात से ही बिजली आना-जाना शुरू रहा।





### 48 हजार उपभोक्ताओं के लिए 24 लाईनमेन पदस्थ

बताया जा रहा है कि शहर के जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन 7 जिलों का मुख्यालय है, जिसके कारण इस जोन में विभिन्न अति महत्तवपूर्ण व्यक्तियों का निवास है। साथ ही इसमें विभिन्न राजनैतिक गतिविधियों भी होती रहती है। सात जिलों का मुख्यालय है, जिसके कारण इस दोनों जोन के अंतर्गत विभिन्न अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों का निवास स्थान है। दोनों जोन में 48 हजार उपभोक्ताओं के लिए लगभग 24 लाईनमेन पदस्थ हैं, जो पर्याप्त नहीं है। तेज अंधड़ एवं बारिश के दौरान बंद बिजली को बहाल करने में विलंब होने से लाईनमेनों को उपभोक्ताओं के आक्रोश का सामना हो रहा है।

### शिकायत पर पहुंचे कर्मी

विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर कर्मचारी रात से ही बंद बिजली को बहाल करने में मंगलवार शाम तक करते रहे।

# दो लाख के इनामी प्लाटून नंबर 21 में सक्रिय नक्सली ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्र के ग्राम कंहाईगुड़ा निवासी सक्रिय नक्सली ने जिला मुख्यालय सुकमा

■ माड़ डिविजन में था सक्रिय, कई संगीन मामलों में शामिल

स्थित नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सली पर शासन ने दो लाख रूपए का ईनाम घोषित कर रखा था।

समर्पित नक्सली माड़ डिवीजन के प्लाटून नंबर 21 में सक्रिय था जिस पर छग शासन द्वारा 2 लाख रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था। सुकमा जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ डीआईजी सुनीत कुमार राय व अरविंद राय के मार्गदर्शन व एसपी किरण चव्हाण के निर्देश तथा एएसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा, अभिषेक वर्मा व आकाश राव गिरेपूंजे के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे नक्सलवाद उन्मूलन नीति व सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान (नई सुबह-नई शुरूआत) व सुविधा व विकास से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन, खोखली विचारधारा, नक्सलियों द्वारा किए जाने वाले शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा किए जाने वाले भेदभाव एवं स्थानीय आदिवासियों के साथ होने वाली निर्मम हिंसा से त्रस्त होकर प्रतिबंधित माओवादी नक्सल संगठन में माड़ डिवीजन में सक्रिय दो लाख के ईनामी नक्सली मुचाकी जोगा प्लाटून नंबर 21 का मेंबर ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में एसडीओपी सुकमा परमेश्वर तिलकवार के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर दिया। एसडीओपी ने बताया कि ईनामी नक्सली मुचाकी जोगा को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित करने में थाना स्टाफ कोंटा का विशेष प्रयास रहा है। जिसे शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें दी जाएगी।



## सूखे पेड़ गिरने से कार में सवार लोग बाल-बाल बचे...





**जगदलपुर।** मंगलवार की शाम करीब 6 बजे शहर के लालबाग क्षेत्र के कुम्हड़ाकोट नया पुल रायपुर रोड मार्ग में एक सुखा पड़े बीच सड़क पर अचानक गिर गया। इस दौरान एक कार में सवार लोग बाल-बाल बच गए। लोगों ने बताया कि इस मार्ग में कई बड़े पेड़ सुख गए हैं जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। आंधी तुफान के बीच खड़े इन सुखे पेड़ों को काटना जरूरी है।

# बेरोजगारों को लूटने वाले पर कार्रवाई करने थाना प्रभारी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरके चतुर्वेदी ने आज कलेक्टर के निर्देश के बाद फर्जी नियुक्ति विज्ञापन पर बोधघाट थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज

■ कलेक्टर के आदेश पर सीएमएचओ ने एफआईआर की मांग की

करने पत्र सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि फेसबुक व साईट पर सीएमएचओ बस्तर व महारानी अस्पताल में स्टॉफ नर्स, वार्ड बॉय, डाटा ऑपरेटर, सिक्यूरिटी गार्ड आदि पदों की रिक्तियां दर्शा कर शिक्षित युवक, युवतियों से लाखों रूपये ठगी का मामला समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। समाचार पत्रानुसार खुद को राहुल कश्यप महारानी अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर के रूप में पदस्थ होने की जानकारी दी है। सीएमएचओ ने पत्र में अवगत कराया है कि स्वास्थ्य विभागातंर्गत सीएमएचओ कार्यालय जगदलपुर द्वारा इस प्रकार का कोई भी विज्ञापन भर्ती के लिए जारी नहीं किया गया है। उन्होंने दस्तावेजों के अनुसार एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने पत्र की कॉपी संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं कलेक्टर को भी भेजा है।

**खबर का असर**



## स्वास्थ्य विभाग में भर्ती के नाम पर बेरोजगारों से ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

फेसबुक व साइट पर सीएचएमओ बस्तर व महारानी अस्पताल में स्टाफ नर्स, वार्डब्वाय, डाटा आपरेटर, सिक्यूरिटी गार्ड के पदों का विज्ञापन देकर शिक्षित बेरोजगारों से लाखों रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को भी है, लेकिन विभागीय तौर पर शिकायत दर्ज नहीं करवाई जा रही है। वहीं रुपए डूबने के भय से ठगी के शिकार भी सामने आने से हिचकिचा रहे हैं। बस्तर में बढ़ती बेरोजगारी का फायदा कुछ मौकापरस्त लोग उठा रहे हैं। कांकेर जिले की एक पीड़िता ने स्क्रीनशाट और आनलाइन पेमेंट का ब्यौरा भेजा है। उसने बताया कि तीन माह पहले फेसबुक के माध्यम से शहर का एक युवक राहुल कश्यप संपर्क में आया था। उसने अपनी वाल में नर्स, वार्डब्वाय, अस्पताल प्रबंधक आदि पदों पर आवेदन मांगे थे। उससे संपर्क करने पर खुद को राहुल कश्यप महारानी अस्पताल में मेडिकल आफिसर होने की जानकारी

⏭ शेष पेज 4 पर

■ कलेक्टर ने सीएमएचओ को कार्रवाई करने दिए निर्देश

| Post Name | Qualification | Salary |
| --- | --- | --- |
| वार्डब्वाय | 8th | Rs.16,500/- |
| [illegible] | 10th | Rs.21,700/- |
| ड्राइवर | 10th | Rs.21,700/- |
| ऑपरेटर | 12th | Rs.23,750/- |
| क्लर्क | 12th | Rs.25,500/- |

CMHO Jagdalpur Recruitment 2023-24

**सीएचएमओ को निर्देशित किया गया**

मामले की जानकारी लगी है। सीएचएमओ को इस संबंध में उचित वैधानिक कार्रवाई करने व जांच करवाने कहा गया है। ऐसे भ्रामक भर्ती विज्ञापन से युवा बचें।

- के. विजय दयाराम, कलेक्टर बस्तर

### कलेक्टर के आदेश के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग

गौरतलब है कि फेसबुक व साईट में राहुल कश्यप नाम का व्यक्ति लंबे समय से फर्जी विज्ञापन जारी कर बेरोजगारों को लुट रहा है। वह खुद को मेडिकल ऑफिसर बताते हुए महारानी अस्पताल में पदस्थ होने की जानकारी भी दे रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में यह बात काफी समय से थी लेकिन फर्जीवाड़ा कर बेरोजगारों को लुटने वालों पर कार्रवाई नहीं की गई। यह बात जब कलेक्टर के संज्ञान में पत्रकारों ने लाई और समाचार प्रकाशित किया तब स्वास्थ्य विभाग के अफसर की नींद खुली और 7 मई को थाना बोधघाट में पत्र दिया गया। हरिभूमि ने 7 मई को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

### हल्ला करने वाले नेता और संगठन भी चुप्पी साधे

बस्तर में बेरोजगारी की समस्या गंभीर रूप अख्तियार कर चुकी है। इस विषय को लेकर समय-समय पर कुछ राजनीतिक दल के नेताओं और यूनियन के द्वारा बेरोजगारों के हित में आवाज बुलंद की जाती रही है। आज जब इस विषय को हरिभूमि ने उठाया तो किसी भी नेता या संघ-संगठन ने किसी तरह का न बयान जारी किया न ही फर्जीवाड़ा के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बल्कि कांकेर की एक पीड़िता को सहयोग करने का भी साहस किसी ने नहीं दिखाया। केवल मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए बयान देना ही मकसद रह गया है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्यता से मनाने जुटे विप्र बंधु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों की जगन्नाथ मंदिर में रणनीति और रूपरेखा तय करने बैठक हुई। जिसमें सभी ने अपने सुझाव दिए। मुख्य रूप से 10 मई को शोभायात्रा के कार्यक्रम को भव्यता देने वरिष्ठ और युवा साथियों से राय ली गई और शोभायात्रा व बाइक रैली को कैसे भव्यता दी जाएगी इस पर निर्णय लिया गया। उपस्थित सदस्यों ने इस विशेष दिवस में ज्यादा से ज्यादा लोगों को सम्मिलित होने प्रचार प्रसार में ब्राह्मण बंधुओं को प्रेरित करने की बात कही। मातृ शक्तियों ने भी घर-घर पहुंच स्वजनों और सनातनियों को



निमंत्रण देने का निर्णय लिया। शोभायात्रा व बाइक रैली में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सम्मिलित होने शहर के विभिन्न वार्डोंर् में पहुंच बनाकर युवाओं, वरिष्ठजनों, मातृ शक्ति को प्रेरित किया जाएगा। बैठक में सर्व ब्राम्हण समाज के संभागीय अध्यक्ष संजीव शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी, मातृ शक्ति व युवा सम्मलित थे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

online Booking:-www.tripuryatra.com



सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 20,500/-

**चार धाम यात्रा**

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

By Train-रिजर्वेशन कोच

20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024

राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411